हाड़ौती का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

# दैनिक पैंतरा

राजकीय विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

बारां व झालावाड से प्रकाशित, कोटा व बून्दी से प्रसारित

E-mail :- pentranews@gmail.com

वर्ष 07 अंक 010 | झालावाड़, मंगलवार 04 फरवरी 2025 | RNI NO. RAJHIN/2019/78056 | पोस्ट रजि. नं. JHALAWAR/07/2023-25 | पृष्ठ 4 मूल्य 2 रु.

## ठाठ–बाट के साथ नये रथ पर सवार होकर निकलेगी देवनारायण यात्रा

### ठाठ–बाट से निकलेगी शोभायात्रा, रस्सियों से रथ को खींचेंगे श्रद्धालु

पैंतरा न्यूज

**कोटा, 03 फरवरी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री देवनारायण जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा शिक्षानगरी कोटा में बड़े स्तर पर देवनारायण जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बार शोभायात्रा में रथ पर सवार भगवान देवनारायण की शोभायात्रा ठाठ बाट से निकलेगी। जिसमें भगवान देवनारायण नये रथ पर बैठकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे और उनके रथ को रस्सियों से खींचा जाएगा।

आयोजन समिति के संरक्षक रामलाल गुंजल ने बताया कि इस बार नये तरह से शोभायात्रा को भव्य रूप दिया जा रहा है, जिससे समाजबंधुओं में भारी उत्साह का माहौल है।

गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा समिति द्वारा 6 फरवरी को सुबह 9.30 किशोरपुरा स्थित पदमनाथ मंदिर से पूर्जा–अर्चना के बाद किशोरपुरा से रवाना होगी।

आयोजन समिति के अध्यक्ष जोधराज गुर्जर एवं संयोजक देवराज गुर्जर ने बताया कि शोभायात्रा किशोरपुरा से रवाना होकर दशहरा मैदान, सीएडी चौराहा, जवाहर नगर पेट्रोल पंप के सामने,



केशवपुरा चौराहा महावीर नगर, रंगबाड़ी सर्किल, रामचरण सर्किल होते हुए गणेश नगर स्थित देवनारायण भगवान मंदिर पर पहुंचेगी।

आयोजक मंडल सदस्य ने बताया कि शोभायात्रा पहुंचने के बाद समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, अध्यक्षता खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर करेंगे।

कार्यक्रम में पिछले डेढ़ माह से इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

***बोलीदाता को मिलेगा भगवान चंवर ढुलाने का सौभाग्य :–***

संरक्षक रामलाल गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा से पूर्व बोली लगाई जाएगी। जिसमें सफल बोलीदाता को भगवान के रथ के साथ बैठकर भगवान की पूजा–अर्चना करने और चंवर ढुलाने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

***महिला संगठन भगवान को धारण कराएंगे चांदी का मुकुट :–***

उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के प्रारंभ में महिला संगठनों द्वारा भगवान पदमनाथ जी को चांदी का मुकुट धारण कराया जाएगा। इसके अलावा दोपहर 3 बजे रंगबाड़ी तेजाजी मंदिर रंगबाड़ी से भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी।

***यह रहेंगी झांकियां :–***

आयोजन समिति के सदस्य शिवराज गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान देवनारायण की जीवंत झांकी, साडूमाता, राम दरबार, शिव परिवार, माताजी, बाग जी बगड़ावत की झांकी रहेगी। इसके अलावा दो अलग–अलग ट्रोलों पर गुर्जरों के परंपरागत गीत घोठा गायन एवं दूसरे में देवनारायण भगवान के भजन गूंजेंगे। जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार मदन फामड़ा, देवा दसलाना, हनुमान गुर्जर भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं पांच बग्गियां पर भगवान पदमनाथ जी सहित अन्य झांकियां शामिल होंगी। इसके अलावा 25 घोडिघ्यों द्वारा घोड़ी नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इनके अलावा शहर के विभिन्न अखाड़ों द्वारा हैरतंगेज प्रदर्शन किये जाएंगे। गुर्जर गैर नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से लोकेश पोसवाल, हरीश खटाणा, नन्दलाल कसाना, महावीर धगाल, नंदकिशोर खटाना मानसिंह गुर्जर, विकास गुर्जर, गिर्राज छावडी, अर्जुन रानीपुरा, सुमित डोई, हंसराज बोड, महावीर बडियावल, सुरेन्द्र मायजा, महावीर खटाणा, राजाराम गुर्जर, मुकेश भाटिया चौनसुख नेकाडी मौजूद रहे।

***कल होगा भगवान का जागरण :–***

आयोजन समिति के सदस्य शिवराज गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा से पूर्व 4 फरवरी मंगलवार को श्री देवनारायण प्राचीन बड़ा मंदिर गणेश नगर पर रात्रि 8 बजे जागरण आयोजित होगा। जिसमें गायक कलाकार रूपनारायण गुर्जर एण्ड पार्टी द्वारा भगवान के भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## संभागीय आयुक्त ने कार्यभार ग्रहण किया

### कोटा को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा–संभागीय आयुक्त



**कोटा, 03 फरवरी।** कोटा के नए संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। संभागीय आयुक्त के साथ ही कोटा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष का कार्यभार भी उन्होंने संभाला।

कार्यभार ग्रहण के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने कोटा संभाग को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा कोटा को शिक्षा नगरी के रूप में मिली पहचान को कायम रखने के लिए जरूरी कदम उठाने के बारे में अपना विजन रखा। उन्होंने कहा कि कोटा में राईजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू को धरातल पर लाने एवं निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने सिचिंत क्षेत्र विकास के तहत प्रगतिरत परियोजनाओं को समय पर पूरा करने एवं आगे के लिए कार्य योजना तैयार करने की बात कही। साथ ही, कोटा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में केडीए में संसाधन बढाने के प्रयास करने, लैंड बैंक विकसित करने की संभावना तलाशने एवं नई योजनाएं बनाने पर जोर दिया।

## होटल प्रबंध संस्थान में पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम के तहत् युवाओं को दिया प्रशिक्षण



पैंतरा न्यूज

**झालावाड़ 03 फरवरी।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित हुनर से रोजगार तक कार्यक्रम के तहत् राज्य होटल प्रबंध संस्थान झालावाड़ द्वारा 30 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्राचार्य प्रभारी महेश कुमार बैरवा ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्किम हुनर से रोजगार तक कार्यक्रम के तहत 120 युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देने का लक्ष्य प्रदान किया गया है। जिसमें से 30 प्रशिक्षणार्थियों को पूर्व में रूम अटेण्डेण्ट का प्रशिक्षण दिया गया था। वहीं वर्तमान में 30 प्रशिक्षणार्थियों को फ्रण्ट ऑफिस एसोसिएट का प्रशिक्षण दिया गया है। इसी क्रम में आगामी दिनों में उद्यमिता कार्यक्रम के तहत होम स्टे मल्टी स्कील केयर टेकर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है।

प्रशिक्षण के उपरांत युवाओं को होटल तथा पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार दिलाया जाता है। कोर्स में आवेदन के लिए संस्थान के हेल्पलाईन नंबर 9829383057 अथवा संस्थान कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## जेसीआई कोटा उड़ान के खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखाम

**कोटा, 03 फरवरी।** जेसीआई कोटा उड़ान ने संस्था के बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन वल्लभबाड़ी स्थित गुरु गोविंद सिंह पार्क में किया।

फर्स्ट लेडी जेसी पूनम झंवर ने बताया कि बच्चों के लिए ट्रेडिशनल गेम्स का आयोजन किया गया और सभी बच्चों ने बड़ चढ़कर इसमें हिस्सा लिया एवं सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रोग्राम का संचालन प्रोजेक्ट एडवाइजर जेएफएस दीपिका लोढ़ा, जेसी पूनम जैन, जेसी खुशबू जाजू व जेसी सोनिका माहेश्वरी ने किया। इस मौके पर संयुक्त सचिव जेसी रक्षा गुप्ता व अंजली गट्टानी भी मौजूद रही।

## समग्र बघेरवाल महिला प्रकोष्ठ द्वारा कैंसर जागरूकता अभियान

**कोटा, 03 फरवरी।** समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल महिला प्रकोष्ठ के द्वारा 4 फरवरी को कैंसर दिवस के उपलक्ष में कैंसर जागरूकता एवं बचाव सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष सीमा हरसोरा ने बताया कि 4 फरवरी मंगलवार को कैंसर दिवस के अवसर पर पंडित आशाधर बघेरवाल भवन, रंगबाड़ी में शाम को 8 बजे एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि बरथूनिया के द्वारा कैंसर एवं इसके बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

## 2 दिन पूर्व से गुमशुदा 15 वर्षीय बालिका बोरखेड़ा से दस्तयाब

पैंतरा न्यूज

**कोटा, 03 फरवरी।** मानव तस्करी विरोधी यूनिट कोटा शहर की टीम ने 2 दिन से गुमशुदा 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को बोरखेड़ा से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है।

सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 01 फरवरी 25 को छोटा सोगरिया निवासी फरियादिया द्वारा थाना रेल्वे कोलोनी पर रिपोर्ट पेश की कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बालिका जो कि आज 01 फरवरी 25 को सुबह 08 एएम के आस पास घर से बिना बताई की चली गई। इस पर थाना रेल्वे कोलोनी पर धारा 137(2) बी.एन.एस. में प्रकरण दर्ज कर उक्त गुमशुदा नाबालिग बालिका की तलाश प्रारम्भ की गई।

मामला 15 वर्ष की उम्र की नाबालिग बालिका के गुमशुदा होने मामले को गम्भीरता से लिया गया तथा नाबालिग बालिका की तलाश हेतु कालुराम वर्मा अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक महिला अपराध एवं अनुसंधान सैल कोटा शहर के निर्देशन में तथा श्रीमति बबीता चौधरी उ.नि. प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट कोटा शहर नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा फरियादिया तथा अन्य सहेली से बालिका के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी की। सीसीटीवी फुटेज चौक किये जाकर आगे पूरे रास्ते के सीसीटीवी फुटेज चेक किये। तकनिकी सूचना संकलन की गई।

बालिका के सम्बन्ध में मुखबिरों एवं सम्पर्क सूत्रों से लगातार तलाश करवाई गई। आज अलसुबह जरिये मुखबिर खास सम्पर्क सूत्रों से पुख्ता सूचना मिली की प्रकरण की पलायनकर्ता नाबालिग बालिका की हुलिया की एक बालिका बोरखेड़ा में देखी गई जो अभी बोरखेड़ा में लेबर चौराहे के आस पास घूम रही है। इस पर टीम को तुरन्त बोरखेड़ा रवाना किया गया। टीम द्वारा अथक प्रयास कर लगातार बोरखेड़ा में नहर एवं लेबर चौराहे पर तलाश कर गुमशुदा 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को लेबर चौराहा बोरखेड़ा नहर से सकुशल रेस्क्यू किया गया।

टीम द्वारा उक्त बालिका को अनुसंधान हेतु थानाधिकारी थाना रेल्वे कोलोनी को सुपुर्द किया गया। जिससे काउंसलिंग की जाकर बालिका को सीडल्ब्यूसी के समक्ष पेश किया गया एवं बालिका को बालिका गृह में दाखिल करवाया गया।

## अवैध देशी शराब के 61 पव्वे बरामद, आरोपी गिरफ्तार



पैंतरा न्यूज

**कोटा, 03 फरवरी।** नांता थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब के 61 पव्वों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 02 फरवरी 25 को नवल किशोर शर्मा उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना नान्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त करते हुए अभेडा/ तिराहा पर पहुंची, जहां जरिये मुखबिर सूचना मिली कि बिजली विभाग के ऑफिस के पास रोड के किनारे पर एक व्यक्ति जिसने सफेद रंग का स्वेटर व शर्ट पहन रखी है। जो एक प्लास्टिक के कट्टे में रख कर शराब बेच रहा है।

इस सूचना पर पुलिस टीम ने सांकेतिक स्थान पर पहुंच कर संदिग्ध व्यक्ति को डिटेन कर तलाशी ली तो उसके पास मिले प्लास्टिक के कट्टे के अन्दर 61 पव्वे अवैध देशी शराब के मिलें।

आरोपी के कब्जे से अवैध देशी शराब को जप्त किया गया तथा अभियुक्त पप्पू को धारा 19६54 एक्साईज एक्ट में गिरफ्तार किया गया। आरोपी पप्पू पुत्र जगल उर्फ जगेंद्र जाति बावरी निवासी पत्थर मंडी नांता के खिलाफ पुलिस थाना नान्ता में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया गया है।

## सूर्य–सप्तमी एवं बसंत पंचमी का डाइट परिसर में आगाज

पैंतरा न्यूज

**कोटा, 03 फरवरी।** डाइट कोटा संस्थान परिवार एवं डाइट के छात्र शिक्षकों द्वारा विभागीय निर्देश की पालना करते हुए सूर्य नमस्कार मंत्र उच्चारण द्वारा किया गया।

सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं को रचना शर्मा, व्याख्याता शारीरिक शिक्षक के नेतृत्व में डाइट परिवार एवं छात्र व शिक्षकों द्वारा किया गया। छात्र व शिक्षकों ने प्रफुल्लित मन से सूर्य नमस्कार की सभी मुद्राएं की।

इस शुभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीएमसी शिक्षाविद कालू लाल चंद्रसेन सेवानिवृत संयुक्त निदेशक कोटा, सेवानिवृत मनोह सिंह भाटी उप निदेशक चुरू एवं रमेश चंद कनेरिया, अध्यक्ष पुरस्कृत शिक्षक फोरम कोटा, संस्थान कार्यवाहक प्राचार्य बीना मिश्रा, राजीव सिंह चौहान (व्या), प्रतिभा कनेरिया (व्या), दीप कंवर (व्या) एवं सभी डाइट संस्थान के कार्मिकों ने सूर्य नमस्कार में अपनी भागीदारी निभाते हुए सूर्य नमस्कार से लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें D-El-Ed के प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों अंशु, एंजल, इशिका, एरिन मालव, देवराज गोचर एवं प्रमोद मीणा को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो दिए गए।

मंचासीन अतिथियों का स्वागत बीना मिश्रा द्वारा किया गया।

कार्यवाहक प्राचार्य ने छात्र छात्राओ को योग से होने वाले विभिन्न लाभों की जानकारी देते हुए हर दिन योग क्रिया करने का संकल्प करवाया। मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर छात्र अध्यापकों ने बसंत के सौंदर्यात्मक ऊर्जावान स्वरूप पर विचार प्रकट किए। गीत, निबंध एवं संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

## प्रजापति समाज ने धूमधाम से मनाई श्रीयादे मां जयंती

पैंतरा न्यूज

**बारां 03 फरवरी।** श्री यादे मां सेवा संस्थान बारां द्वारा आराध्य देवी श्रीयादे मां का जन्म जयंती समारोह गजनपुरा स्थित संस्थान की निजी भूमि पर धूमधाम से मनाया गया। जिला मीडिया प्रभारी सोनू कुमार मोरवाल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सेवानिवृत्त तहसीलदार लक्ष्मीनारायण प्रजापति द्वारा की गई। सभी सदस्यों द्वारा मां श्रीयादे के दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण व आरती कर जयंती मनाई।

## राजस्थान सरकार की शराब नीति और व्यवस्थाओं के विरोध में आज 2 घंटे बंद रहेंगी शराब की दुकानें



**कोटा, 03 फरवरी।** शराब नीति एवं अन्य मांगों को लेकर शराब ठेकेदार लगातार अपनी मांगों को उचित मंच पर उठा रहे हैं, ज्ञापन दे रहे हैं, धरना दे चुके और सरकार को अपनी मांगों से अवगत करा चुके लेकिन उसके बाद भी सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही जिस कारण प्रदेश के शराब व्यवसाइयों को परेशानी का सामना करना पड रहा है, एक ओर उन्हें आर्थिक बोझ तले दबाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन की व्यवस्थाओं का खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड रहा है, ऐसे में मांगे पूरी नहीं होने पर 4 फरवरी को प्रदेशव्यापी बंद का आव्हान किया गया है, जिसके तहत आज (मंगलवार) दो घंटे सुबह 10 से 12 बजे तक शराब की दुकाने बंद रहेंगी।

आबकारी नीति वर्ष 2025–26 एवं 29 के खिलाफ अनुज्ञाधारियों की ओर से विरोध दर्ज कराया जा रहा है। कोटा वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि इस सम्बंध में सोमवार को अतिरिक्त आबकारी आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि मुख्य मांगों में पुरानी सभी प्रकार की पेनेल्टियां समाप्त किए जाने, शराब की दुकानें खोलने का समय रात्रि 11 बजे तक किया जाने, गांरटी पूर्ति करने वाले ठेकेदारों की जब्त धरोहर राशियां तुरंत प्रभाव से लोटाए जाने, मंहगाई के अनुसार शराब ठेकेदारों का कमीशन कम से कम 20 प्रतिशत और बढ़ाया जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष अजय सिंह राठौड ने बताया कि शराब ठेकों से पुलिस का हस्तक्षेप पुर्णतरू समाप्त किया जाना चाहिए और प्रदेश में शराब की मात्रा बहुत अधिक हो गई है, सरकार मद्य संयम नीति की पालन करते हुए शराब की गारंटी 30 प्रतिशत तक कम कर दुकानें रिनिवल की जाने सम्बंधि मांगों को पर विचार करे। विनोद पारेता ने कहा कि आबकारी पॉलिसी में कुछ संशोधन किया जाना संगठन की प्रमुख मांगों में से है जिसमें कहा गया है कि नहीं पॉलिसी को लागू नहीं किया जाए किसी दुकान को रिनिवल नहीं होने पर क्लस्टर में लाने की बाध्यता को समाप्त किया जाए, ठेकेदार अपनी अपनी दुकानों की गारंटी ले सकता है उसके पड़ोसी ठेकेदार की दुकान की गारंटी नहीं ले सकता एवं कलस्टर को समाप्त किया जाए।

दुकान 3 वर्ष से रेनवाल हो रही है उन दुकानों पर पहले वर्ष 10 प्रतिशत गारंटी नहीं बढ़ाई जाए ग्रामीण क्षेत्र में लाइसेंस की दुकानों से गोदाम 3 किलोमीटर दूर खोला जाए यह लिखित में नहीं पॉलिसी में भी आया है यदि नियम लागू रहे। इस अवसर पर अजय सिंह राठौड़, राम कल्याण नागर, संतोष अग्रवाल, विनोद जामदानी, योगेश चौबे, श्याम शर्मा, बलविंदर चावला, रविंद्र सिंह, लवेश सुवालका उपस्थित रहे।

## उपेक्षित पड़ी प्राचीन मूर्ति को संग्रहालय में सुरक्षित रखवाये जाने की मांग की



पैंतरा न्यूज

**झालावाड़ 03 फरवरी।** पर्यटन विकास समिति झालावाड़ ने सोमवार को झालावाड़ उपखण्ड अधिकारी को एक ज्ञापन देकर नगर में पुराने पी.डब्ल्यू.डी. गोदाम में उपेक्षित पड़ी पुरातत्व महत्व की प्राचीन मूर्ति को स्थानीय संग्रहालय में लाकर सुरक्षित रखवाये जाने की मांग की है।

उपखण्ड अधिकारी को दिये ज्ञापन में समिति के संयोजक ओम पाठक ने बताया कि नगर के पुराने पी.डब्ल्यू.डी. गोदाम में कुएं के पास एक प्राचीन देवमूर्ति बरसों से उपेक्षित अवस्था में पड़ी हुई है तथा हवा, पानी के प्रभाव से उसकी कला का क्षरण (खराब) हो रहा है तथा खुले में होने से इसको कभी भी मूर्ति तस्कर गायब कर सकते है। अतः इसे जल्दी ही स्थानीय संग्रहालय में लाया जाना उचित होगा ताकि यह सुरक्षित हो सकें और पर्यटक इसको देख सकें।

समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इतिहासकार ललित शर्मा ने बताया कि अध्ययन के आधार पर यह मूर्ति दिक्पाल अग्निदेव की है जो किसी मन्दिर की दक्षिण पश्चिम दिशा (आग्नेय कोण) में लगी रही होगी। मूर्ति में अग्निदेव की दाड़ी में भग्न गठान भी है जो अग्नि की ज्वाला को कंट्रोल करने की प्रतीक है। कला लक्षण के आधार पर यह मूर्ति लगभग 12वीं सदी की है जो किसी अन्य मन्दिर वाले स्थान से लाकर यहाँ रखी गई है।

## तत्कालीन एएसपी प्रवीण जैन विज्ञान नगर सीआई व एएसआई के खिलाफ नोटिस जारी

### पत्रकार से अभद्रता व धमकी देने के मामले में उचित कानूनी कार्रवाई नही करने का मामला

पैंतरा न्यज

**कोटा, 03 फरवरी।** एडीजे क्रम–3 न्यायालय ने पत्रकार के साथ अभद्रता व धमकी देने के मामले में उचित कानूनी कार्रवाई नहीं करने के मामले में पेश निगरानी याचिका पर सुनवाई करने के बाद कोटा के तत्कालीन एएसपी शहर प्रवीण जैन विज्ञान नगर थाने के सीआई देवेश भारद्वाज व एएसआई अमरचंद के खिलाफ नोटिस जारी कर 19 मार्च को तलब किया है।

विज्ञान नगर निवासी पत्रकार जगदीश ने अपने अधिवक्ता लोकेश सैनी के जरिए न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम–2 उत्तर न्यायालय में अभियुक्त नीरज कश्यव व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप, तत्कालीन एएसपी शहर प्रवीण जैन, विज्ञान नगर थाने के तत्कालीन थानाधिकारी देवेश भारद्वाज व थाने के तत्कालीन व एएसआई अमरचंद के खिलाफ न्यायालय में मानहानि का इस्तगासा पेश किया था। जिसमें उसने कहा था कि उसके पड़ौस में रहने वाले नीरज कश्यप व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप उसके खिलाफ आसपास के लोगों से अर्नगल बाते करते है। उसे फर्जी पत्रकार व पागल कहते है। समझाने पर दोनों ने उसके साथ लड़ाई झगड़ा किया। जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत उसने 16 अक्टूबर 2022 को तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रवीण जैन को दी। शिकायत पर उसके बयान थाने के विशाल पुनिया कांस्टेबल ने दर्ज किए। जिस पर 18 अक्टूबर को अभियुक्त नीरज कश्यप को पुलिस ने विज्ञान नगर थाने में लाकर पाबंद किया था।

अभियुक्त के लिखित मे माफी मांगने पर उसने शिकायत वापस ले ली थी। इसी बात की रंजिश रखते हुए नीरज कश्यप व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप व संतोष बाई आसपास के लोगों को भडका रही है। उसकी मानहानि कर रही है। जिसकी शिकायत उसने 16 जनवरी 2024 को तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण जैन को दी। शिकायत की जांच थाने के तत्कालीन एएसआई अमरचंद ने की। एएसआई ने उसके 25 मार्च 2023 को बयान दर्ज किए। एएसआई ने 19 जून 2023 को अपनी गलत रिपोर्ट बनाकर एडीएम सिटी में पेश कर दी। जिसमें कहा गया कि अभियुक्तों के खिलाफ कोई मामला बनना नही पाया गया। इस मामले में न्यायालय ने कोटा के तत्कालीन एएसपी शहर प्रवीण जैन विज्ञान नगर थाने के सीआई देवेश भारद्वाज व एएसआई अमरचंद के खिलाफ प्रसज्ञांन नही लिया। जिस पर परिवादी ने न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायालय में सभी अभियुक्तों के खिलाफ निगरानी याचिका पेश की थी।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सरस्वती पूजन का हुआ शंखनाद किया सूर्य नमस्कार व यज्ञ



**पैंतरा न्यूज।**

**नाहरगढ़ 003 फरवरी।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर नाहरगढ़ में सूर्य नमस्कार यज्ञ व विद्यारंभ संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य सत्यनारायण पांचाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के अवतरण दिवस व बसंतोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 9 बजे 180 भैया बहिनों ने सूर्य नमस्कार कर पंच कुण्डीय महायज्ञ में आहुति देकर विश्व कल्याण व आरोग्य की कामना की तत्पश्चात प्रातः 11 बजे 11 शिशु भैया बहिनों का 11 जोडे यजमान के अद्भुत योग व सानिध्य में विद्यारंभ व पाटी पूजन संस्कार सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के अतिथि रुपनारायण नागर सदस्य विद्या भारती बारां व महेंद्र नागर अध्यक्ष गायत्री शक्ति पीठ संस्थान नाहरगढ़ रहे। कार्यक्रम के लिए विद्यालय परिसर में यज्ञशाला बनाई गई, जिसमें हवन–पूजन व यज्ञ विधान संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ विद्यारंभ संस्कार' गायत्री शक्ति पीठ नाहरगढ़ के आचार्य घांसीलाल नागर, घनश्याम नागर ने विद्यारंभ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वैदिक धर्म में 16 संस्कारों का विशेष स्थान है, जिसमें गर्भादान संस्कार, नामकरण संस्कार, विद्यारंभ संस्कार जिसमें विद्यारंभ संस्कार द्वारा बालक का प्रथम बार विद्यालय में प्रवेश कराकर उसके उज्जवल भविष्य के लिए माँ सरस्वती से कामना की जाती है जिससे बालकों का भविष्य सुखद व उज्जवल हो। संस्कार के इस अवसर पर सभी शिशुओं को लेखन सामग्री प्रदान की गई। इस पुनीत व परमार्थ के कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के आचार्य इंद्रराज नागर, सुरेंद्र नागर, आशु यादव, वर्षा साहू, दिलकेश नागर, मीनाक्षी कुशवाह, सलोनी सेन, पूजा गोस्वामी, प्रवीण साहू, पूजा वैष्णव आदि ने भी सहयोग दिया । उपस्थित अतिथियों ने भी इस संस्कार में भाग लिया और शिशुओं को आशीर्वाद दिया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी आदर्श विद्या मन्दिर नाहरगढ़ के प्रचार प्रमुख प्रवीण साहू द्वारा दी गई।

## दस्तारबंदी का आयोजन, समाज में शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया

**पैंतरा न्यूज।**

**मांगरोल 03 फरवरी।** शनिवार रात करबला मैदान में हुसैनी सोसायटी द्वारा संचालित दारूल ऊलूम मदरसे हुसैनिया में आलिम और हाफिज का कोर्स पूरा कर चुके आठ बच्चों का दस्तारबंदी प्रोग्राम आयोजित किया गया। सोसायटी के सदर ईकबाल हुसैन ने बताया कि दारूल उलूम हुसैनिया में मौलाना अशरद रजा सांगोद, मौलाना मुइनुल हक मांगरोल, मौलाना जमील रजा कोटा, मौलाना मोहम्मद जुनेद रजा पुणे, मोहम्मद ऊमर रामगढ़ ने आलिम कोर्स व हाफिज मोहम्मद फैजान रजा बारां, मोहम्मद इरफान रजा इटावा, मोहम्मद आकिब रजा मांगरोल ने कुराने पाक मुकम्मल किया। इनकी दस्तारबंदी सैय्यद शवाहत संभल, मुफ्ती हाशिम बिहार, मुफ्ती अनवारूल हक बरेली ने की और प्रमाण पत्र दिया। इस मौके पर उलामाए किराम ने तकरीर पेश कर शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि मौलाना सैय्यद शवाहत हुसैन संभल ने जलसे को संबोधित किया। प्रोग्राम में श्योपुर, बारां, कैथून, सांगोद, कोटा, सुल्तानपुर सीसवाली, अयाना खातौली से बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

## आर्य समाज ने ऋतुराज बसंत पर्व मनाया



**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 03 जनवरी।** आर्य समाज बाारां ने ऋतुराज बसंत पर्व मनाया। इस अवसर पर आर्य समाज के विद्धान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। रामनारायण साहू ने वैदिक विनय के मंत्र से पर्व की व्याख्या की।

पूर्व प्रधान छीतरलाल नामा बसंत पंचमी के दिन वीर हकीकत राय का बलिदान स्मरण कराते हुए कहा कि उस वीर बालक ने धैर्य के खातिर अपना बलिदान दे दिया, लेकिन अपने धर्म का परित्याग नहीं किया। प्रधान पुरूषोत्तम शर्मा ऋतुराज बंसल का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रकृति में हर्ष व उल्लास वाली ऋतु है। ऐसी कामना करे कि सबके जीवन में बसंत आए। इसके पूर्व यज्ञादि किया गया, उसमें बसंत पर्व की सभी सदस्यों ने आहूतियां दी। अनेक सदस्य एवं मातृ शक्ति उपस्थित रही। सत्संग में गीता आर्य ने मधुर भजन से श्रोताओं को आनंददित किया। यज्ञ के मुख्य होता नेमीचंद नागर, रामदयाल मालव, राकेश नामदेव, पूनम नामदेव, मंत्री सूर्यप्रकाश विजय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



## गिरिराज सेवा समिति का अध्यक्ष बने कुशवाह

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 03 फरवरी।** गिरिराज सेवा समिति का अध्यक्ष भंवरलाल कुशवाह को बनाए जाने पर उनका स्वागत किया गया। यहां कुशवाहा ने कहा कि छबड़ा से प्रत्येक महीने गिरिराज परिक्रमा के लिए भारी संख्या में कस्बेवासी परिक्रमा करते है और हर वर्ष परिक्रमा मार्ग में भंडारा रखा जा किया जाता है। इस अवसर पर हेमराज मेरोठा, घांसीलाल पांचाल, शिवचरण यादव, प्रधान हरिओम नागर, मुकेश मेहरा, राजाराम सुमन, राजेंद्र मौर्य, रामू शर्मा, कौशल शर्मा, रवि शर्मा, लोकेश शर्मा, ललित मेहरा, रामचरण प्रजापति, अमृतलाल मेहता, मुकेश ओझा आदि मौजूद रहे।

## बाबाजी के बाग में चल रही रामायण पाठ का 108 हुआ वाचन पूर्ण

**पैंतरा न्यूज।**

**किशनगंज 03 फरवरी।** गत श्रावण मास से कस्बे के बाबाजी के बाग में शुरू हुई अखंड रामायण पाठ का सोमवार को 108 वाचन हो गया जिस पर श्री बांके बिहारी लाल सेवा समिति एवं गण मान्य नागरिकों की सोमवार को बांके बिहारी लाल मंदिर पर बैठक कर हनुमान जयंती के अवसर पर पूर्णाहुति करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बाबाजी के बाग में स्थित राम जानकी मंदिर के महंत गरुड़दास महाराज ने बताया कि बांके बिहारी लाल मंदिर पर कस्बे सहित संपूर्ण क्षेत्र में विश्व कल्याण अमन जैन सुख शांति की कामना को लेकर श्रावण मास के शुरू होने के साथ ही जन सहयोग से शुरू की गई अखंड रामायण पाठ का सोमवार को 108वां वाचन पूर्ण हुआ। जिस पर कस्बे के बाबाजी बाग के मंदिर की बांके बिहारी लाल सेवा समिति की बैठक कर अनवरत चल रहे रामायण पाठ को लेकर आपसी चर्चा कर सर्वसम्मति से आगामी हनुमान जयंती के अवसर पर समापन करने का निर्णय लिया गया। मंदिर के महंत गरुड़दास महाराज ने साथ ही बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर अखंड रामायण पाठ का विधि विधान व मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर समापन किया जाएगा। रामायण पाठ के समापन पर महाप्रसादी का वितरण भी होगा।बैठक में हीरालाल गुर्जर, रामेश्वर गुप्ता, रामचंद्र सुमन, चतुर्भुज पोटर, उमाशंकर शर्मा, मोनू राजावत, महेंद्र चौधरी, समरथ भोई, नंदलाल नागर राधेश्याम कटारिया, भगवान राव, महावीर मेहरा, राजूलाल खींची, सुरेश बेरवा, प्रेम मेहरा व मथुरालाल सुमन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## भक्त बिना भगवान का मंदिर भी सूना: भारती

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 03 फरवरी।** कस्बे के खेल मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास प्रियंका भारती ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है।



कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति किया। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्र ति ने मानव का रक्षण किया। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। कहा कि भक्त ओर भगवान एक दूसरे के बिना अधूरे है तथा चाहे जितना शुभ कर्म कर लो, लेकिन अगर भगवान के नाम का जप नहीं करते तो आपका कल्याण नहीं होगा। भजन करना बहुत महत्वपूर्ण माना गया है, चाहे आप जितना बड़ा शुभ काम कर लो, भजन और भगवान का नाम जपना अत्यंत जरुरी माना गया है, अगर आपने भगवान के नाम का जप नहीं किया सब कुछ अधूरा है।

## बुधवाली के छबड़ा दौरे को लेकर चर्चा

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 03 फरवरी।** मुस्लिम समाज की बैठक सोमवार को निजामुद्दीन खान की अध्यक्षता में आयोजित गई। जिसमें वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानुखान बुध ावाली के छबड़ा दौरे को लेकर चर्चा की गई। रफीक सहारा ने बताया कि बैठक में तहसील वक्फ कमेटी छबड़ा द्वारा किये जा रहे क्रियाकलापों का विरोध जताते हुए मंगलवार को चेयरमैन खानुखान बुधवाली के छबड़ा पहुंचने पर वक्फ कमेटी छबड़ा द्वारा किया जा रहे कृत्यों की जानकारी देकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। तथा कमेटी सदर व सह सेकेट्री को बर्खास्त करने की मांग करते हुए 3 दिनों का अल्टीमेटम दिया जाएगा। बैठक में रईस अहमद प्रगति, नवाब उमर खां, पप्पू क्रांतिकारी, अमजद राइन, आसिफ अली, आलम मंसूरी, शाकिर, साबिर खान, शाकिर खान, शाकिर चावलखेड़ी, शफीक हिंदुस्तान, सैय्यद ताहिर अली, शाहिद, आदिल सालारगाजी, माजिद राही, अतीक ईदगाह, शारिक खान, साजिद खान व इरफान पठान आदि मौजूद रहें।

## बारां जिले के राजपूत समाज की कई प्रतिभाऐ हुई सम्मानित

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 03 फरवरी।** बारा जिले के राजपूत समाज का स्नेह मिलन समारोह रविवार को कोटा रोड स्थित एक निजी मैरिज हॉल में संपन्न हुआ। करणी सेना प्रदेश सचिव लाखन सिंह व जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह अंन्थड़ा एवं महिला जिला अध्यक्ष सरिता सिंह गोड़ ने बताया कि राजपूत समाज का स्नेह मिलन समारोह रविवार प्रातः 9 बजे कोटा रोड स्थित निजी मैरिज हॉल में महाराज श्री वंश वर्धन सिंह बूंदी राज परिवार के मुख्य आतिथ्य एवं राजकुमार महीपत सिंह बड़ौदा सियासत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह कटार, शिवराज सिंह



नागदा, महाराजा शंभू सिंह कोटडा, राव राजा जगदीश सिंह बड़ौदा, विक्रम सिंह रहलाई, दौलत सिंह पांडूहेली, नैना की छापोल, रश्मि राठौड, मंजू लता सिकरवार, हेमलता चौहान, के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के नगर अध्यक्ष रविंद्र सिंह हाडा व देहात अध्यक्ष यांशु हाड़ा ने बताया कि अतिथियों के स्वागत सम्मान के बाद जिले भर की कई प्रतिभाओं का स्वागत सम्मान किया गया।

## कस्बे के विद्यालयों में सूर्य नमस्कार का किया आयोजन

**पैंतरा न्यूज।**

**किशनगंज 03 फरवरी।** कस्बे के बस स्टैंड पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा शारीरिक शिक्षिका अनीता नागर की अगुवाई में सोमवार को सुबह 9 बजे सूर्य नमस्कार किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता अग्रवाल ने बताया कि विभागीय निर्देशों की पालना में सोमवार को भारतीय पारंपरिक योग प्रणाली द्वारा स्वस्थ जीवन जीने का संदेश देने को लेकर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। उच्च अधिकारियों के निर्देशों को लेकर सोमवार को विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं व



छात्र–छात्राओं द्वारा सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य सुनीता अग्रवाल, बृजगोविंद टेलर, यशोदा रानी कश्यप, मुकेश जाट, सुमनलता पारीक, तरन्नुम खान, विक्रम सिंह, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, दानमल नागर, सुनीता चौरसिया, इंद्र चौरसिया व मनमोहन शाक्यवाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं कस्बे में स्थित विद्या भारती के आदर्श विद्या मंदिर में सोमवार को प्रातः 9 बजे आचार्य दीदी,भैया बहिन, अभिभावकों एवं आमजनों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया। आदर्श विद्या मंदिर के प्रचार प्रमुख गौरव जैन ने बताया कि विद्यालय के सभी भैया बहन ओर सभी आचार्य दीदी द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया। इस दौरान विद्यालय के जहां छोटे बच्चों ने अपनी क्षमता के अनुसार सूर्य नमस्कार के सात से आठ चरण किए जबकि अन्य द्वारा इसके 21 चरण पूरे किए। साथ ही बताया कि सूर्य नमस्कार के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाना और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सभी प्रदेशवासियों से इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लेने को लेकर आह्वान किया गया था।

## ज्योति कलश रथ यात्रा का गांव–गांव में भव्य स्वागत

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 03 फरवरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ज्योति कलश रथ यात्रा का गांव–गांव में भव्य स्वागत सत्कार किया जा रहा हैं। शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी मानसिंह धनोरिया ने बताया कि बापचा में सरपंच महेंद्रसिंह गुर्जर के नेतृत्व में ग्राम वासियों ने पूजा–अर्चना कर कलश का भव्य स्वागत किया। कड़ैयाहट सरपंच रमेशचंद लोधा, राजवीर सिंह यादव, रघुनाथ गुर्जर, रामसिंह गुर्जर, परमलाल गुर्जर सहित मुकुंदखेड़ी, गागनियाखेड़ी, कडेध्याहाट, कोटडा मेघनाथ में रथ की पूजा आरती उतार कर दर्शन किए। फलिया में प्रेमचंद धनोरिया एवं चंपालाल लोधा, रामदयाल लोधा, हरिकिशन, भगवान सिंह यादव, फलिया, मुंडियाखेड़ा, नयागांव, राजपुरा, कुलिंजरा आदि ने भी पूजा अर्चना की। यात्रा के टोली नायक रामरतन नरवर, टीकमचंद मालव ने ग्राम फलिया में दीप यज्ञ संपन्न करवाया। मुख्य यजमान रामसेवक चौहान थे। टोली नायक नरवर ने प्रवचनों में कहा की यह ज्योति कलश सामान्य नहीं है, इस कलश में युग ऋषि परम पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, माता भगवती देवी शर्मा, मां गायत्री की दिव्य ऊर्जा एवं कई तीर्थ का जल एवं रज इसमें समाहित है। इसके दर्शन मात्र से ही हमारे शरीर के मात्र से ही मनोगत विकार समाप्त हों जाते है। इसके दर्शन कर तन और मन को स्वस्थ बनाते हैं। नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होकर सकारात्मक ऊर्जा का होने से जीवन में सफलता मिलने लगती है।

### बसंत पंचवी पर चवर ऋषि अवतरण दिवस मनाया

**मांगरोल 03 फरवरी।** चवर ऋषि जी के अवतरण दिवस पर च्यवन गौड़ ब्राह्मण समाज मांगरोल द्वारा श्री च्यवन ऋषि का अवतरण दिवस मनाया गया। जिसमें मांगरोल च्यवन गौड़ समाज के अध्यक्ष हरि ओम शर्मा बद्री लाल शर्मा सुरेश भार्गव आदित्य व्यास राहुल भार्गव स्वप्निल भार्गव शैलेंद्र तिवारी गुन्नू जतिन शिवाय सहित कई सामाजिक बंधु शामिल हुए वह सभी ने च्यवन ;षि जी की भक्ति व शक्ति आदि पर विचार व्यक्त किया। अंत में दीप प्रज्वलित कर प्रसाद वितरण किया गया ।

maashardabaran@gmail.com
अब आपके शहर बारां में सभी प्रकार की डिग्री, डिप्लोमा एवं अन्य कोर्स करने हेतु सम्पर्क करें।
10वीं फैल, 11वीं करें
12वीं फैल BA Com, BSC करें
Director M. 94133-54183
Acharya Bhagchand Nager 73398-54183
MAA SHARDA
Sr. Sec. Public School Nakoda Colony Baran (Raj)
G.N.M D. Pharmecy DMLT
B.Sc. Nursing B.Phamecy Course
मान्यता प्राप्त सरकारी एवं प्राईवेट यूनिवर्सिटी से
Distance Learing Course

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| B.Ed. | B.A. | M.A. | B.Lib. | B.C.A. | PGDCA |
| M. Ed. | B.Sc. | M.Sc. | M.Lib. | B.B.A. | YOGA |
| B.S.T.C. | B.Com. | M.Com. | D.Lis. | M.C.A. | B.P.Ed |

DAESI खाद, बीज व पेस्टीसाईड डीलरशिप व दुकान लगाने हेतु
-:परामर्श के लिये सम्पर्क करें:-
आचार्य भागचन्द नागर
मां शारदा सी.सैकण्डरी स्कूल
नाकोड़ा कालोनी तेलफैक्ट्री बारां

Hero Hero
नई तकनीक के साथ
हीरो मोटोकॉर्प
सर्वगुण सम्पन्न
फाईनेन्स सुविधा उपलब्ध
HF 100, GLAMOUR XTREEME 160
हर हीरो मोटोकॉर्प पर पांच साल की वारन्टी



- NEW HF 100
- HF DELUXE
- SPLENDOR PLUS
- XOOM
- PASSION +
- SUPER SPLENDOR
- GLAMOUR
- XTREME 160R
- XPULS 200 FI
- PLEASURE +
- DESTINI-125 LX
- MAESTRO EDGE 110

के.के.मोटर्स
न्यू सिविल लाइन के सामने कोटा रोड बारां
96729-90450 (W) 98281-30112 (S)

100%
अब प्राकृतिक तरीके से NO •Dieting •Medicine
रुकिये जनाब सिर्फ पैदल चलने मात्र से मोटापा खत्म नहीं होता है।
जानिये, आप कितने स्वस्थ हैं।
यदि आज आपके पास स्वस्थ शरीर के लिए समय नहीं है तो कल आपको बिमारियों के लिए समय निकालना होगा।
वजन घटाये या वजन बढ़ाये
डायबिटिज, बी.पी. व थायराइड वाले भी अपना मोटापा कम कर सकते हैं। स्किन समस्या, माईग्रेन, महिलाओं से संबंधित अन्य समस्या का समाधान किया जाता है
ऑनलाईन आपके घर से वर्कआउट जॉइन करने के लिए सम्पर्क करें
No. 1 Nutrition
कोई साइड इफेक्ट नहीं
दुनियां भर के 95 देश 40 करोड़ से ज्यादा संतुष्ट ग्राहक
एक फोन कॉल अच्छी फिटनेश दे सकता है। प्राकृतिक तरीके से समाधान
हमारा Online (BTP) Body Transformation Programme
ZOOM App Download करे Body Transformation Programme
Weight Management Program के साथ
आधुनिक मशीन द्वारा 6 प्रकार की निःशुल्क जांच करायें।
★ FAT ★ VFA ★ BODY AGE SLELETAL MUSCLE R.M. ★ BMI
प्रतिदिन BMI चेकअप निशुल्क
योगेश गुप्ता (पैंतरा)- 9413354218

BAJAJ FREEDOM RIDE THE CHANGE
विश्व की 1st CNG मोटरसाइकिल
BAJAJ WORLD'S FAVOURITE INDIAN
चलाने में मस्त, माइलेज ज़बरदस्त!!
50% की बचत, हर दिन*



एक्स-शोरूम कीमत ₹90 771/-
अधिकृत विक्रेता- अग्रवाल मोटर्स कोटा रोड, बारां (राज.)
Mobile: 9982642571


# संपादकीय

## जनता की जेब का बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025–26 के लिए जो बजट लोकसभा में पेश किया है, उसकी बुनियादी व्याख्या यह की जा रही है कि देश का मध्य वर्ग, वेतनभोगी वर्ग 'बम–बम' है। मोदी सरकार ने लंबे इंतजार के बाद मध्य वर्ग की मुराद पूरी की है। यह 'बम–बम' स्थिति कुछ हद तक सही भी है, क्योंकि अब 12.75 लाख रुपए सालाना तक की आय आयकर–मुक्त होगी। इसमें हमने 75,000 रुपए 'मानक कटौती' के भी जोड़ दिए हैं। अब इतनी आय वाले को सालाना 80,000 रुपए से अधिक का फायदा होगा। करीब 88 फीसदी करदाता ऐसे बताए जा रहे हैं, जो नए बजट के लागू होने के बाद आयकर–मुक्त हो जाएंगे, लेकिन यह बजट का 'अर्द्धसत्य' ही है, क्योंकि बजट का नजरिया आम आदमी की जेब भरने का रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि आम आदमी की जेब कैसे भरे, उसकी बचत कैसे हो, वह देश के विकास में भागीदार कैसे बने, यही बजट की सोच रही है। यही 'विकसित भारत' का बजट है। बहरहाल देश की जनता की जेब में पैसा होगा, तो वह खर्च भी किया जाएगा। उससे बाजार में मांग बढ़ेगी और औसत नागरिक की खपत भी बढ़ेगी। नतीजतन उद्योगों में उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था का ही विस्तार होगा। बेशक सरकार ने आम करदाता, मध्य वर्ग की जेब में पैसा इसीलिए डालने का निर्णय लिया है, ताकि उससे आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से अधिक रहे। अभी तो यह दर 6.4 फीसदी के आसपास है। वैसे पूरी गणना करें, तो हमारी विकास दर 5 फीसदी से भी कम है।

यदि विकास दर लगातार 10 सालों तक 8 फीसदी से अधिक रहती है, तो ही हम 'विकसित भारत' की ओर मजबूती से बढ़ सकते हैं। दरअसल भारत में मध्य वर्ग परिभाषित ही नहीं है। कुछ विशेषज्ञ 30–35 करोड़ आबादी को ही मध्य वर्ग के दायरे में मानते हैं, जबकि कुछ थिंक टैंक मानते हैं कि देश में 6–36 लाख रुपए सालाना कमाने वाले करीब 56 करोड़ लोग मध्य वर्ग में ही आते हैं। नए बजट के बाद इस जमात के हाथ में करीब 1 लाख करोड़ रुपए अतिरिक्त आएंगे। तय है कि वह पैसा, अंततः, बाजार में ही आएगा। मांग के साथ उपभोग भी बढ़ेगा। यह भी एक सत्य है कि 2 करोड़ से कुछ अधिक करदाता ही आयकर का भुगतान करते हैं। बेशक बीते साल 7–8 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न भरीं, लेकिन उनमें से करीब 5.20 करोड़ ने रिटर्न तो फाइल की, लेकिन एक रुपया भी आयकर नहीं दिया। सवाल है कि 146 करोड़ की आबादी वाले देश में मात्र 2 करोड़ के ही आयकर का भुगतान करने से अपेक्षित मांग और खपत बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को इतना विस्तार दे सके कि हम 'विकसित भारत' का सपना साकार कर सकें? यथार्थ तो यह है कि देश में बेरोजगारी दर दहाई का आंकड़ा पार कर चुकी है। औसत आय बढ़ नहीं पा रही है, क्योंकि नौकरियां नहीं मिल रही हैं। औसत व्यक्ति और घर के रोजमर्रा के खर्च महंगे होते जा रहे हैं। देश में प्रति व्यक्ति आय कम हो गई है। विदेशी मुद्रा भंडार भी घट गया है। हम करीब 325 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था हैं, लिहाजा 5 ट्रिलियन डश्वलर का सपना अभी बहुत दूर है। भारत में मध्य वर्ग की नियति का आकलन इन परिस्थितियों से किया जा सकता है।

सम्पूर्ण सुविधा युक्त

श्री महावीर गार्डन
जोनल हॉस्पीटल के सामने
कृष्णा नगर कोटा रोड, बारां
C/O अग्रवाल टेन्ट हाउस अस्पताल रोड, बारां
94601-76238 94142-88130






## दी कोटा को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि. की बोर्ड बैठक सम्पन्न

### फल–सब्जी मंडी में खुलेगा नया सरस पार्लर–राठौड़

**कोटा,03 फरवरी।** दी कोटा को–ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि0, कोटा की बोर्ड बैठक संस्था अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में वर्षभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। राठौड़ ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से सहकारिता विभाग और सहकारी संस्थाओं की सकारात्मक छवि जनमानस में स्थापित की जानी चाहिए।

बैठक में चैन सिंह राठौड़ (अध्यक्ष, कोटा–बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., कोटा), उपाध्यक्ष चेतन कुमार मालव, उप रजिस्ट्रार (सहकारी समितियाँ) कोटा राजेश कुमार मीणा, संचालक भंवर सिंह, राकेश कुमार नागर, श्रीकृष्ण मालव, संदीप नंदवाना, रूप कंवर, प्रेमशंकर मेघवाल, मनीष कुमार सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

संस्था अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़ ने घोषणा की कि फल–सब्जी मंडी स्थित 2–बी दुकान पर सरस पार्लर का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे आमजन को सरस डेयरी के उत्पाद डिस्ट्रीब्यूटर दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा, गैस एजेंसी के समीप स्थित खाली भूखंड पर नियमानुसार दुकानों का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। संस्था के पूर्व अध यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष कोटा–बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., कोटा चैन सिंह राठौड़ ने संस्था के सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह संस्था किसानों के हित में सदैव कार्यरत रहेगी।

महाप्रबंधक मृगांक सिंह ने बताया कि सहकारिता का मुख्य उद्देश्य कमजोर वर्ग, किसानों, शिल्पकारों, महिलाओं और युवाओं को सहकारिता के माध्यम से रोजगार से जोड़कर विकास सुनिश्चित करना है।

## अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'उमंग' मुक्ताकाश–2025 का सफल आयोजन

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बसंत विहार, कोटा द्वारा आयोजित ष्उमंगष मुक्ताकाश सत्र 2025 का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा के निर्देशन में एवं अलंक विद्यालय एसोसिएशन की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन की अध्यक्षता में हुआ। यह तीन दिवसीय उत्सव कला, संस्कृति और सृजनात्मकता को समर्पित था, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

***रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं***

पहले दिन आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमिका विजय और प्रियल मेहरा (बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान वीरेंद्र और सीमा रावत (बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान वंशिका पारेता और हिमांशी आर्या (बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

सेमी क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में प्रियल कारपेंटर (बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष) प्रथम स्थान पर रहीं, महक पचेरिया (बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान पर तथा अहिंसा गोस्वामी (बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि दिव्यांशी व्यास (बी.ए. बी.एड. तृतीय सेमेस्टर) को सांत्वना पुरस्कार मिला।

एकल लोक नृत्य प्रतियोगिता में भूमिका विजय (बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष) प्रथम स्थान पर और लक्षिता गौतम (बी.एससी. बी.एड. प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान पर रहीं। सामूहिक लोक नृत्य प्रतियोगिता में खुशी जैन, तन्वी, सिमरन और वंशिका (बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लक्षिता, चंचल, वर्षा, शिप्रा, इरम और भूमिका मालव की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

दूसरे दिन आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में प्रियल मेहरा (बी.ए. बी.एड. तृतीय सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, इरम आशिया (बी.ए. बी.एड. प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान और गरिमा वर्मा (बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में मोनू सिंह, प्रियल मेहरा और कुमकुम नागर (बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, भावना शर्मा, निकिता कुमारी और अंजली सुमन (बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा चिरायुसी सैनी (बी.एससी. बी.एड. प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तीसरे दिन आयोजित फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में ज्ञानेश और तरुण ने प्रथम स्थान, वंशिका और मोनिका ने द्वितीय स्थान तथा चिरायुषी, रिया, महक और वीरेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आशु भाषण प्रतियोगिता में तनु सुमन (बी.ए. बी.एड. तृतीय सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, ज्ञानेश गौतम (बी.एड. तृतीय सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान और विभूति सिंह (बी.एससी. बी.एड. प्रथम सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गायन प्रतियोगिताओं में एकल गायन में हर्षिता मीना ने प्रथम स्थान, महक पंचारिया ने द्वितीय स्थान और नवल लववंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक गायन प्रतियोगिता में उमेश एंड ग्रुप ने प्रथम स्थान, प्रकाश एंड ग्रुप ने द्वितीय स्थान तथा महक एंड ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

***निर्णायक मंडल एवं समापन:–***

प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन अनुभवी निर्णायकों द्वारा किया गया। पहले दिन अंजलि मुंदड़ा और मीनाक्षी कंजोलिया, दूसरे दिन प्रज्ञा जैन और नेहा जैन, और तीसरे दिन सुनीता जैन, रेणु बड़ला, श्रीमती गरीमा सक्सेना एवं सुश्री कोमल कनवासिया निर्णायक की भूमिका में रहीं। तीन दिनों तक चले इस रंगारंग आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 'उमंग' मुक्ताकाश सत्र 2025 का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## कोटा कॉलेज आफ एजुकेशन रानपुर कोटा में किया सूर्य नमस्कार

### बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** कोटा कश्वलेज आफ एजुकेशन रानपुर कोटा में सोमवार को डीएलएड प्रथम वर्ष एवं बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणाथियों ने बसंत पंचमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्राध्यापक सोनाली त्यागी ने बताया कि इस शुभावसर पर कॉलेज अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आर ए गुप्ता, डायरेक्टर सिद्धार्थ गुप्ता, कॉलेज प्राचार्य डॉ. बी एल मेहरा एवं सभी प्राध्यापकों ने भी उत्सव एवं सूर्य नमस्कार में अपनी उपस्थिति और भागीदारी निभाते हुए सूर्य नमस्कार से लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर जहां सूर्य नमस्कार के लाभ बताए गए वहीं बसंत पंचमी को लेकर भी प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष प्रोफेसर डश्व आर ए गुप्ता ने बसंत पंचमी महोत्सव एवं सूर्य नमस्कार से प्राप्त विभिन्न लाभों की जानकारी देते हुए छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया।

डायरेक्टर सिद्धार्थ गुप्ता ने छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। प्राचार्य ने छात्र–छात्राओं को योग से होने वाले विभिन्न लाभों की जानकारी देते हुए हर दिन सूर्य नमस्कार एवं योग क्रिया करने का संकल्प करवाया। छात्राध्यापक विजय कुमार ने सूर्य नमस्कार की संपूर्ण मुद्राओं का अभ्यास करवाया।

## हार्टवाइज वॉक–ओ–रन हेल्थ किट लॉंच, हेल्थ कार्निवल 7 फरवरी से कोटा में तीन दिवसीय सेहत के महाकुंभ में शामिल होंग देशभर के धावक



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 03 फरवरी।** हार्टवाइज सोसायटी की ओर से कोटा में 7 से 9 फरवरी को होने जा रहे देश के सबसे बड़े हेल्थ इवेंट सेहत के महाकुंभ वॉक–ओ–रन की किट लॉंचिंग सोमवार को पुरुषार्थ भवन में की गई। इस अवसर पर टीम हार्टवाइज और इवेंट के प्रायोजक मौजूद रहे। हार्टवाइज एलन वॉक–ओ–रन पावर्ड बाय हरमीत हुडंई है।

टीम हार्टवाइज के संयोजक डॉ. साकेत गोयल ने बताया कि वॉक–ओ–रन के लिए शहर ही नहीं वरन देशवासियों में उत्साह देखने को मिला है। देश के अलग–अलग क्षेत्रों से लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जो धायक कोटा नहीं आ पा रहे हैं, उन्होंने वर्चुअल वॉक–ओ–रन में रजिस्ट्रेशन करवाया है। वॉक–ओ–रन और हेल्थ कार्निवल में एंट्री निशुल्क है।

हेल्थ कार्निवल 7 व 8 फरवरी को उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा में होगा। 9 फरवरी को 21 किमी रन सुबह 5.30 बजे शुरू होगी। इसके बाद 10 किमी और फिर कोटा केयर्स रन होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। आयोजन के तहत 25 लाख के पुरस्कार दिए जाएंगे।

हार्टवाइज टीम के सदस्य सुमित अग्रवाल व रजत अजमेरा ने बताया कि कोटा शहर में पहली बार सनराइज कॉन्सर्ट भी होगा। देश के प्रसिद्ध डीजे/प्रोड्यूसर जोड़ी, प्रोजेक्ट 91 (सुनील और अनिल सिंदगी), जो सन एण्ड एबीएस नाम से भी जाने जाते हैं, एक जबरदस्त म्यूजिकल परफोरमेंस पहली बार कोटा में देंगे। ये वॉक ओ रन के अनुभव को यादगार बनाएंगे।

टीम हार्टवाइज के सदस्य कपिल जैन व राहुल सेठी ने बताया कि वॉक ओ रन के रूट को एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एण्ड डिस्टेंस रेसेस (एम्स) का एक्रीडिएशन मिला है। नेशनल व इंटरनेशनल मैराथन के रूट को सर्टिफाइ करने वाली संस्था एम्स ने वॉक ओ रन के रूट को सर्टिफाइड किया है।

एम्स एक्रीडिएशन के बाद वॉक ओ रन का स्तर अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन में शामिल हो गया है। इसके साथ ही शहर के 20 रनिंग एंबेसर्डस लोगों का उत्साहवर्धन करेंगे तथा कार्निवल में पॉवर लिफ्टिंग कम्पीटिशन भी होगा।

हार्टवाइज टीम के अनीश बिरला व वीनेश गुप्ता ने बताया कि 7–8 फरवरी को उम्मेद सिंह स्टेडियम में सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक एक्सपो कार्निवल होगा, जिसमें शामिल होने वाले शहरवासियां को उपहार वितरित किए जाएंगे। यहां सबसे शहरवासियों के लिए दो हजार की–रिंग, 1000 कैप, 500 टी–शर्ट इसके साथ ही मेगा पुरस्कार ई–बाइक/ स्पोर्ट्स बाइक जीतने के लिए लॉटरी में शहरवासी भाग ले सकेंगे।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसिडेंट जीवनज्योति अग्रवाल व हार्टवाइज टीम के सदस्य तरूमित सिंह बेदी ने बताया कि वॉक–ओ–रन में इस वर्ष 6 किमी की फैमिली रन को कोटा के दिल कोचिंग स्टूडेंट्स की केयरिंग को समर्पित किया गया है। इस रन को कोटा केयर्स रन नाम दिया गया है।

कोटा की हेल्थ और हैप्पीनेस को बनाए रखने के लिए कोटा केयर्स रन में ज्यादा से ज्यादा शहरवासियों की सहभागिता के प्रयास किए जाएंगे। यहां शहरवासियों को विद्यार्थियों की केयर करने के लिए शपथ दिलवाई जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि शहरवासी देशभर से आने वाले स्टूडेंट्स की केयरिंग से जुड़ें और उन्हें परिवार जैसा माहौल दें।

इस दौरान हार्टवाइज टीम के डॉ.सुरभि गोयल,कमलदीप सिंह, अजय मित्तल,हिमांशु अरोड़ा, निखिल जैन,अपूर्वा चौधरी,मुकेश चौधरी, राहुल जैन,अनुपम,विपुल अग्रवाल, डॉ.राकेश जिंदल,डॉ. नकुल विजय, हरमीत सिंह,पंजाब नेशनल बैंक के चीफ मैनेजर संदीप सिंह मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत रंगपुर में भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार एवं एसीबी राजस्थान द्वारा राज्य में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टोलरेन्स की नीति के तहत् चलाये जा रहे 'विशेष जागरूकता अभियान' के तहत शिवराज मीना उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा रेंज कोटा के निर्देशन में आज सोमवार 3 फरवरी 25 को ग्राम पंचायत भवन रगंपुर जिला कोटा में जागरूकता मीटिंग आयोजित की गई, जिसमे विजय स्वर्णकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के अलावा एसीबी स्टाफ अनिष अहमद उप अधीक्षक पुलिस, ताराचन्द उप अधीक्षक पुलिस मय एसीबी स्टाफ के ग्राम रंगपुर जन संवाद कार्यकम में पंहुचे।

उक्त जन संवाद कार्यक्रम में रंगपुर एवं आसपास के गांव के आमजन सहित ग्राम पंचायत के सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा उद्यान विभाग के निदेशक नन्द बिहारी मालव ने हिस्सा लिया।

उक्त जन संवाद कार्यक्रम में विजय स्वर्णकार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों में पनप रहे भ्रष्टाचार के बारे में जागरूक रहने एवं किसी लोक सेवक द्वारा वैध कार्य के लिये रिश्वत मांगे जाने के संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान द्वारा की जाने वाली ट्रेप कार्यवाही एवं भ्रष्ट लोक सेवकों द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति रखने एवं पद का दुरूपयोग करने आदि के विरूद्ध एसीबी द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में एव टोल फ्री हेल्प लाईन नम्बर 1064 एवं वाट्स एप हेल्पलाईन नम्बर 9413502834 की जानकारी दी गई तथा नन्द बिहारी मालव, निदेशक उद्यान विभाग द्वारा उद्यान विभाग से संबधित जन उपयोगी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## भारतीय जैन संघटना ने कैंसर डे मनाया

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** विश्व कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जैन संघटना कोटा चैप्टर के तत्वाधान में बी जे एस के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित फाउंडेशन प्रोग्राम के तहत कैंसर क्रुसेडर्स के अंतर्गत कैंसर पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया कैंसर क्रुसेडर्स प्रोग्राम के तहत कैंसर की जानकारी कैंसर के कारण बचाव एवं इलाज पर शुभ अटलांटिस में एक परिचर्चा आयोजित की गई राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रोग्राम का उद्देश्य लोगों को कैंसर की जानकारी देना एवं समाज में जागरूकता करना है।



अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन ने बताया की कोटा चैप्टर ने भी कैंसर बचाव पर डॉक्टर मनीष गौतम कैंसर स्पेशलिस्ट कल्याण हॉस्पिटल के माध्यम से लोगों को कैंसर की जानकारी दी।

इस मौके पर डॉक्टर साहब ने कैंसर की स्क्रीनिंग पर लोगों को गाइड किया की कैसे हम ब्रेस्ट कैंसर सर्विक्स कैंसर, लंग कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर को पहचाने और इनका सामना करें। इस बारे में विस्तार से चर्चा की गई, परिचर्चा में इस बात पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया की 9 वर्ष से 26 वर्ष के पुरुष एवं महिला को एचपीवी वैक्सीनेशन से प्राथमिक स्तर पर सर्वाइकल कैंसर और वार्ट से बचाया जा सकता है जहां तक बचाव संभव है हमें बचाव की तरफ ध्यान देकर अपने परिवार को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखकर सभ्य समाज का परिचय देना है।

भारतीय जैन संघटना कोटा चैप्टर के सचिव अरुण जैन ने बताया कि डॉक्टर साहब ने समाज में व्याप्त बुरी आदतों जैसे अवस्थित खानपान, चिंता भरी दिनचर्या, तंबाकू, अल्कोहल आदि का अधिक उपयोग भी कैंसर का कारण बताया। तंबाकू एवं शराब से अपने आप को छुड़ाने के उपाय भी इस परिचर्चा में बताए गए।

परिचर्चा में डॉक्टर मनीष गौतम ने कोटा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए सामाजिक कार्य में अग्रणी श्रोताओं के सभी प्रश्नों का समाधान धैर्य पूर्वक दिया, सभी ने प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा को शांत किया और उनका समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम संयोजक दिलीप जैन ने बताया कि परिवार में बीमारी होने पर फंड्स का प्रबंधन भी पूरे परिवार को परेशानी में डालता है। इसी समस्या के समाधान स्वरूप टाटा एआईजी के ब्रांच मैनेजर राहुल कुमार का संवाद भी रखा गया की कैसे हम आने वाली बीमारियों के समय धन से आने वाली समस्याओं से मेडिक्लेम इंश्योरेंस के माध्यम से बच सकते हैं। कार्यक्रम में भारतीय जैन संगठन कोटा चैप्टर से संभागीय अध्यक्ष राजेश बागरेचा, पीसी गोधा विजय गोधा ,अशोक कांता रावका, मंजू जैन ,नरेंद्र जैन के अलावा , चंद्रप्रकाश सीमा जैन, एवं कई सारे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



# बेटी ने फर्जी वसीयत बनाकर अपनी मां की संपत्ति हड़पने का लगाया आरोप

## पुलिस पर जांच में लापरवाही बरतने का आरोप,कोटा आईजी को भी भेजी लिखित शिकायत

## जब मां अस्पताल में भर्ती थी तो बूंदी में कैसे बन गई वसीयत और कैसे खरीदा स्टाम्प और हुई नोटेरी



**पैंतरा नयूज**

**कोटा,03 फरवरी।** उदयपुर निवासी एक महिला ने अपने मामा पर फर्जीवाड़ा कर वसीयतनामा बनाकर अपनी मां की सपंत्ति हड़पने का आरोप लगाया है।

बूंदी कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फर्जी वसीयत बनाने सहित अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज कर लुहार गली बूंदी निवासी बुद्धिप्रकाश, प्रियांक, मयंक ओझा, निर्मला शर्मा, बनवारी पाराशर, गणेशलाल सैनी पर मुकदमा दर्ज किया है।

सोमवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उदयपुर निवासी पीडिघ्ता विभूति शर्मा ने बताया कि उनकी मां उमा शर्मा बूंदी में किराए के मकान में रह रही थी, अचानक उनकी तबियत खराब होने पर 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक सामान्य चिकित्सालय में आईसीयू वार्ड भर्ती रही, तबियत में सुधार नहीं होने पर 31 अक्टूबर को उन्हें मेडिकल कॉलेज कोटा के लिए रैफर किया गया। जहां इलाज के दौरान 16 नवम्बर को उनकी मौत हो गई।

विभूति शर्मा ने आरोप लगाया कि इसी दौरान उनके मामा बुद्धिप्रकाश शर्मा, मयंक ओझा, प्रियांक शर्मा, निर्मला शर्मा, बनवारी पाराशर, गणेशलाल सैनी व अन्य ने उनकी मां के मरणासन्न अवस्था में भर्ती रहने के दौरान मिलीभगत कर उनकी मां के नाम की एक फर्जी वसीयत तैयार करवा ली। साथ ही उनकी मां की मृत्यु से पूर्व उनके पास मौजूद सोने-चांदी के जेवरात व अन्य कागजात उनकी मां के मकान में रखी अलमारी को तोड़कर निकाल लिये। इसमें उनकी मां के नाम उदयपुर में रजिस्टर्ड भूखण्ड की रजिस्ट्री भी बुद्धिप्रकाश शर्मा और उनके नौकर बनवारी पाराशर के नाम फर्जी वसीयत बना ली है।

फरियादी विभूति शर्मा का आरोप है कि इस फर्जी वसीयत पर उनकी मां के हस्ताक्षर एक नवम्बर 2024 को करवाए गए बताए गए हैं, जबकि उनकी मां एक नवम्बर को मरणासन्न स्थिति में थी। वो बोलने और लिखने में असमर्थ थी। विभूति शर्मा का आरोप है कि उनकी मां की तबियत खराब होने की सूचना उन्हें किसी ने नहीं दी, जब उन्होंने अपनी मां को फोन लगाया तो लगातार मोबाइल बंद आने पर उन्होंने पड़ौसी को फोन लगाकर जानकारी ली, तब उन्हें उनकी मां के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली। जब 15 नवम्बर को हम मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो वहां उनकी मां के पास कोई परिजन मौजूद नहीं था।

फरियादी विभूति शर्मा का आरोप है कि इस धोखाधड़ी की रिपोर्ट उन्होंने थाना सिटी कोतवाली बूंदी में 17 नवम्बर को दर्ज करवाने के लिए लिखित शिकायत दी तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया, उसके बाद शहर पुलिस अधीक्षक बूंदी से भी मिली उसके बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। 21 नवम्बर को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई पर शिकायत पत्र दिया, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद न्यायालय में परिवाद दिया तब जाकर पुलिस ने 4 जनवरी 2025 को मुकदमा दर्ज किया है। मां 40 साल से उदयपुर में रहती थी। इसके बाद बूंदी में पीहर होने से वह यहां आ गई थी।उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस में मुकदमा दर्ज होने के बाद से उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, जिससे उनकी जान को खतरा बना हुआ है। उनका आरोप है कि अब उनसे 6 से 7 लाख रूपये मांगकर मामले को रफा-दफा करने का दबाव बनाया जा रहा है।

***अस्पताल में भर्ती मां की कैसे हुई वसीयत:-***

फरियादी विभूति शर्मा का आरोप है कि उनकी मां 31 अक्टूबर 2024 से 16 नवम्बर 2024 तक गंभीर स्थिति में मेडिकल कश्वलेज कोटा में भर्ती थीं, जबकि उनके नाम की वसीयत के लिए बूंदी की अदालत परिसर से स्टाम्प वेंडर से 100 रूपये का स्टाम्प उनकी मां उमा शर्मा के नाम से खरीद किया गया। और एक नवम्बर 2024 को उनकी मां के नाम से वसीयत बनवाई गई। उनका आरोप है कि जब उनकी मां गंभीर हालत में कोटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती थी तो फिर उनकी मां स्टाम्प लेने व वसीयत करने के लिए बूंदी अदालत परिसर में आने में पूर्ण असमर्थ होने के बावजूद कैसे उपस्थित हो गई और बिना उनकी उपस्थिति के नोटेरी कैसे हो गई। यह जांच का विषय है। उन्होंने इन सभी दस्तावेजों से जुड़े लोगों के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस करने की भी बात कही।

इस मामले में उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक कोटा रेंज को भी रजिस्टर्ड डाक द्वारा शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

# कोटा-सवाई माधोपुर खण्ड पर डबल डेकर कोच का गति परीक्षण

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** मंडल में एलएचबी वातानुकूलित चेयर कार कम पार्सल वैन डबल डेकर कोच का आज 03 फरवरी को कोटा-सवाई माधोपुर रेल खण्ड पर गति परीक्षण किया गया। यह ट्रायल मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त नई दिल्ली जनक कुमार गर्ग के द्वारा 180 किमी प्रति घंटा की गति से किया गया। इस ट्रायल में आरडीएसओ टीम लखनऊ, परिचालन विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग ने सहयोग किया।



इस वातानुकूलित चेयर कार कम पार्सल वैन डबल डेकर कोच की मुख्य विशेषता है कि इसमे एक कोच में कुल 46 यात्री बैठने की क्षमता है साथ ही इस कोच के निचले हिस्से में 6 टन पार्सल लोडिंग करने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त इस कोच में मिनी पेंट्री,डाईनिंग स्पेस, फोल्डेबल स्नैक टेबल,बायो टायलेट,फायर स्मोक एवं डिटेक्शन सिस्टम, सीसीटीवी सर्विलांस,मोबाईल कम लेपटाप चार्जिंग प्वांट्स इत्यादि है।

सीसीआरएस कोटा-सवाई माधोपुर खण्ड पर 180 किलोमीटर प्रति घंटा से चेयर कार कम पार्सल वैन (डबल डेकर कोच) के ट्रायल से संतुष्ट रहे। तत्पश्चात उन्होंने सवाई माधोपुर-मथुरा खण्ड का विंडों ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

इस ट्रायल के दौरान डीआरएम अनिल कालरा, उप रेल संरक्षा आयुक्त, मंडल के संबंधित सभी शाखा अधिकारी मौजूद रहे।

# शिवराज सिंह चौहान को श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में कोटा आने का दिया न्यौता




**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** कोटा में 8 व 9 फरवरी को आयोजित हो रहे श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए केन्द्रीय कृषि मंत्री व मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उनके आवास भोपाल पहुंचकर आमंत्रण दिया गया।

से उन्हें आमंत्रित करने गये दल में किराड़ क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रामकुमार मेहता पूर्व नगर विकास न्यास अध्यक्ष कोटा, धाकड़ युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय धाकड़, रवि प्रकाश धाकड़, राजगढ़ मध्यप्रदेश से धाकड़ महासभा महिला ईकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष मोना सुस्तानी आदि शामिल थे।

आमंत्रण देते समय शिवराज सिंह की धर्मपत्नी किराड़ महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह व रणजीत सिंह युवा संघ अध्यक्ष भी मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि श्री धाकड़ महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन कोटा में 8 व 9 फरवरी को आयोजित होगा इसमें सम्पूर्ण भारत देश से हजारों धाकड़ बंधु भाग लेंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के नेतृत्व में आयोजन की तैयारियाँ जोर शोर से चल रही हैं तथा कार्यकर्ता पूरे जोश से कार्य कर रहे हैं। अधिकाधिक संख्या में समाज बंधु आयोजन में सम्मिलित हों इसके लिए राजस्थान व मध्यप्रदेश के समाज बाहुल्य गाँवों कस्बो में प्रसार सामग्री पहुँचा दी गई है।

# सिंघवी ने विधानसभा में विकास कार्यो एवं रिक्त पद भरने का उठाया मामला

**पैंतरा न्यूज**

**छबड़ा 03 फरवरी** विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी ने सोमवार को विधानसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से छबड़ा छीपाबडौद में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत किए गए विकास कार्यो का मामला उठाया।

प्रश्न के जवाब में सरकार ने सदन को बताया कि विधायक कोष से स्वीकृत 10 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ग्राम चैनपुरिया में इंटरलॉकिंग, ग्राम फलिया की नाथ बस्ती में, नाथों के घाटों की ओर इंटरलॉकिंग मय नाली निर्माण कार्य, फील्ड के पीछे श्मशान में निर्माण कार्य, छीपाबडौद के पटवार मंडल के विश्रांति गृह, ग्राम दीगोद में निर्माण, ग्राम देवरी में इंटरलॉकिंग, पेट्रोल पंप के सामने ग्रेवल निर्माण कार्य आदि कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

## नवदंपत्ति की अनूठी और प्रेरक पहल-

# विवाहोत्सव के तुरंत बाद नव दंपति ने लगाए 25 पौधे



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** स्वामी विवेकानंद विचार संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज गुप्ता के पुत्र उत्कर्ष व वधु मानसी का विवाह वसंत पंचमी पर संपन्न हुआ। नवदंपत्ति ने कर्णेश्वर योजना में ओम ग्रीन मीडोज मल्टी स्टोरी के पास में सभी परिवार जनों की उपस्थिति में पौधे रोपकर शादी को यादगार बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। नवदंपत्ति के इस अनूठे अंदाज में पर्यावरण संदेश देने की पहल की सभी ने सराहना की।

इस दौरान बड़, पीपल, आम, अशोक, बिल्वपत्र, आंवला,कल्पवृक्ष के धार्मिक महत्व के साथ-साथ अन्य छाया व फलदार वृक्ष लगाए।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गिरिराज गुप्ता ने बताया कि आजकल लगातार घट रही वृक्षों की संख्या और कम होते जंगल से पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा है, लाखों वन्य जीवों की मौत हो रही है, इन सबसे बचने के लिए हमें हर संस्कारों के उपलक्ष में पौधारोपण करना चाहिए, जिससे वृक्षों के प्रति हमारा भावनात्मक लगाव हो सके।

# अब लोको डिस्पेंसरी मे भी बैठेंगे होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक डॉक्टर

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कोटा के अथक प्रयासों द्वारा अब सप्ताह मे एक दिन लोको डिस्पेंसरी मे भी होम्योपैथी एवं आयुर्वेद के डॉक्टर अपनी सेवायें देंगे।

मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया कि वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की काफी समय से मांग थी कि लोको डिस्पेंसरी कोटा मे भी डॉक्टरों की सेवायें उपलब्ध करवायी जाये, क्योंकि लोको डिस्पेंसरी कोटा मे कोई चिकित्सक नहीं रहता है जिससे धीरे-धीरे वहॉ मरीजों की संख्या कम होती जा रही है क्योंकि लोको डिस्पेन्सरी के आसपास नहर के किनारे कई नई निजी कॉलोनियों का निर्माण होता जा रहा है, जिसमे अधिकांशतर रेल कर्मचारी एवं उनके परिवारजन रहते है।

चिकित्सक नहीं होने से उनको 1.5 से 02 किमी तक की दूरी तय करके मण्डल रेल चिकित्सालय जाना पडता है, जहॉ पहले से ही काफी भीड़ रहती है।

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक मे यह फैसला लिया गया है कि सप्ताह मे एक दिन होम्योपैथी एवं आयुर्वेद के डॉक्टर अपनी सेवायें शुरू करेंगे। इस खबर से सभी कर्मचारियों मे खुशी का माहौल है।

## लायंस क्लब कोटा ने वितरित किए 200 कपड़े के थैले

**कोटा,03 फरवरी।** लायंस क्लब कोटा, प्रांत 3233 E-2 द्वारा सेवा गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया। अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया कि लायंस भवन के बाहर मुख्य सड़क पर लगे ठेलों के पास करीब 200 कपड़े के थैले वितरित किए गए।

सचिव वीरेन्द्र विजय ने बताया कि इस सेवा कार्य में लायन जे. पी. गुप्ता, विनोद अजवानी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

क्लब के अध्यक्ष लायन प्रमोद विजय ने इस अवसर पर अपने उद्‌बोधन में कहा, 'लायंस क्लब हमेशा समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित रहा है।

# आज यहां बिजली बंद रहेगी

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 03 फरवरी।** विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण मंगलवार को निम्न स्थानों पर बिजली बंद रहेगी।

<u>सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक-</u>

सुभाष नगर 1 और 2, रंगबाड़ी योजना सेक्टर 6, विश्वकर्मा नगर, कृष्णा नगर, बालाजी नगर, रंगबाड़ी मुक्ति धाम, मधु स्मृति उद्यान क्षेत्र, रंगबाड़ी लाल बाई का चौक, राजू बनारसी की गली आदि।

<u>दोपहर 1 से शाम 4:30 बजे तक-</u>

दशहरा मैदान, आरपीएस कॉलोनी, साबरमती कॉलोनी, साबरमती हरिजन बस्ती, रामतलाई, राष्ट्रदूत कार्यालय, भवानी सिंह राजावत रोड, मोखापाड़ा, पलायता हाउस, झाला हाउस, सूरज पोल, सूरज पोल गेट, गुमानपुरा कैनाल रोड, कोलीपाड़ा, दशहरा मैदान, आरपीएस कॉलोनी, साबरमती कॉलोनी-यूआईटी वाली, स्टील ब्रिज के पास नई साबरमती बस्ती, चक्की के पास पुरानी साबरमती हरिजन बस्ती, जगत मंदिर डीटीआर क्षेत्र -पलायथा, घर, बड़ा गाड़ीखाना, रामताली-कच्ची बस्ती, झूले लाल मंदिर, भूतेश्वर महादेव मंदिर, छोटा गाड़ीखाना, राष्ट्रदूत कार्यालय, भवानी सिंह राजावत रोड, काका भतीजा मंदिर, बिरला मेडिकल की गली, तबेला हाउस, पोल्ट्री फार्म बस्ती, वेटनरी हॉस्पिटल, छोटी मस्जिद मोखापाड़ा, सूरज पोल, राजपूत छात्रावास, सूरज पोल गेट, गुमानपुरा कैनाल रोड, यू- मार्केट, मीट मार्केट, गुजराती समाज, पुरानी सब्जी मंडी, मोहन टॉकीज रोड, ज्वाला टश्वप, फायर ब्रिगेड के पास आदि।

<u>10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक</u>

आरकेपुरम, सारथी अस्पताल, रामलीला मैदान, सरस डेयरी, आरकेपुरम, मधुश्री,काला बादल सामुदायिक भवन व आसपास के क्षेत्र आदि।

<u>सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक-</u>

आकाश नगर, प्रगति नगर, श्याम नगर, शुभ लाभ एन्क्लेव, ब्रिज विला, बख्शी स्प्रिंगडेल्स स्कूल, उत्तम नगर, हरि नगर, मनसा कॉलोनी,अर्जुन विहार, देवली अरब रोड,अशोक विहार, उज्जवल विहार, सालासर धाम, सगुन रॉयल विला, जयश्री विहार, वैशाली नगर, आदिनाथ कॉलोनी, शिवाजी कॉलोनी, रॉयल एन्क्लेव आदि।

<u>सुबह 11 से दोपहर 3बजे तक-</u>

पंचवटी नगर, गुरु धाम कॉलोनी रोटेदा रोड, शारदा विहार, स्वराज एन्क्लेव, शुभम विहार भदाना, भदाना कृषि क्षेत्र, वृंदावन धाम, शुभ-लाभ कॉलोनी, सैंटी रेजीडेंसी, भामाशाहमंडी आदि।

<u>10:30 से दोपहर 3:30 बजे तक-</u>

पत्थर मंडी, कृषि क्षेत्र बड़गांव, गुरुद्वारा व आसपास का क्षेत्र आदि।

<u>10:30 से शाम 4:30 बजे तक-</u>

विनोभा भावे नगर, सरकारी स्कूल के पास आदि।

<u>10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक-</u>

आरके नगर, शिव नगर आदि।

<u>शाम 4 से 5 बजे तक-</u>

रोड नंबर 3,4, 5, कमल ऑटो के आसपास, रेजोनेंस के पीछे, सिटी मॉल के पीछे, वाइब्रेंट, राजस्थान स्टील के आसपास , पुरुषार्थ भवन, रेजोनेंस व वाइब्रेंट कोचिंग, मोहता इंडस्ट्रीज , निंबासिया स्टेबलाइजर के आसपास आदि।

*<u>सुबह 10 से शाम 4 बजे तक-</u>*

महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर 6 आदि।

# अब हज वा उमराह यात्रियों के लिए टीका का लगाना अनिवार्य

**कोटा, 03 फरवरी।** सऊदी अरब सरकार साऊदी आने वाले समस्त यात्रियों के लिए वेक्सिन अनिवार्य करते हुए इसे 10 फरबरी से लागू करने का आदेश जारी किया है, निर्देश में वर्ष 2025 मे उमराह वीजा, विजिट वीजा, वा अन्य किसी भी वीजा पर वा मक्का मदीना में हज और उमरा करने वाले समस्त यात्रियों के लिए मेनिनजाइटिस वैक्सीन का लगाना अनिवार्य होगा, मदनी टूर हज उमराह के मुख्य परशिक्षक हाजी मुफ्ती शमीम अशरफ रजवी ने बताया की सऊदी अरब के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण,जी ए सी ए, ने स्वास्थ मंत्रालय की एडवाइजरी पर सभी एयरलाइंस को परिपत्र जारी किए हैं, जिसमे स्पष्ट है कि विभिन्न देशों से आने वाले यात्रियों के लिए टीकाकरण का परमानपत्र होना लाजमी है, यह वेक्सिन मेनिगोकोकल मनी न जाइटिस का टीका जरूरी होगा, इसके अलावा विभिन्न देशों में फैली यलो, फीवर, पोलियो, ओर सीजनल इन्फ्लूएंजा सोर्स 2 के टीकाकरण का हवाला भी स्वास्थ मंत्रालय के पत्र में वर्णन है।



# योगाचार्य मनीष जैन ने करवाया नयागांव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्य नमस्कार

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** राजस्थान सरकार एवं शिक्षा निदेशालय, राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आज 3 फरवरी सोमवार (सूर्य सप्तमी) के शुभदिवस पर प्रातः 9 से 9:45 की संक्षिप्त समयावधि में सम्पूर्ण राजस्थान में सामुहिक सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन किया गया।

शिक्षा नगरी कोटा में भी उच्च माध्यमिक विद्यालय नयागांव में भी सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती ज्योति शर्मा ने बताया कि सूर्य सप्तमी के शुभ अवसर पर सूर्य नमस्कार योग फ्रॉम हार्ट के निदेशक योगाचार्य मनीष जैन द्वारा करवाया गया।

योग गुरु मनीष जैन ने बताया कि योगाभ्यास की शुरुआत बसंतपंचमी पर सरस्वती मां की आराधना से शुरू की गई,उसके बाद पूरे शरीर में ऊर्जा का संचार के लिए सुक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया गया।

सूर्य नमस्कार का अभ्यास विभिन्न चरणों में जैसे प्रत्येक आसान के नाम, हर आसान में बीज मंत्र , प्रत्येक आसान के साथ सूर्य मंत्र के साथ अभ्यास करवाया गया। विद्यालय के लगभग 1000 से अधिक छात्र छात्राओं समेत सभी शिक्षकगण द्वारा इसका लाभ लिया गया। साथ में योग फ्रॉम हार्ट के मुकेश सक्सेना, के साथ कई नागरिक गण भी उपस्थित रहे।

# बोरखेड़ा इलाके में हुए सुसाइड में गलत हुई पहचान मृतक निकला प्रीतम गोस्वामी,पिता ने की पहचान

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** शहर के बोरखेड़ा इलाके में रविवार को पुलिस के भय से आत्महत्या करने वाला प्रीतम गोस्वामी था जब कि पुलिस ने कल मृतक रुद्र मीणा बताया था और उसका पोस्टमार्टम करवाया था। परंतु रुद्र के परिजनों ने इसकी पहचान नही की।



सोमवार सुबह 9 बजे पुलिस को इसकी भनक लगी तो आनन फानन में पुलिस ने इसकी पहचान के लिए हाथ पैर मांगे तो यह शव प्रीतम गोस्वामी का निकला उसके पिता राजेन्द्र को मौके पर बुलाया गया तो उसने अपने पुत्र प्रीतम के रूप में पहचान की। पुलिस अब उसका पोस्टमार्टम करवा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि मृतक की पहचान में गलतफहमी रुद्र के परिजनों द्वारा पहचान गलत करने के कारण हुई आज सुबह उनके द्वारा पुनः पहचान की गई तो उन्होंने मृतक को अपना पुत्र बताने से इनकार कर दिया बाद में पुलिस ने मृतक की पहचान प्रीतम गोस्वामी के रूप में की मृतक प्रीतम गोस्वामी के पिता राजेंद्र गोस्वामी ने बताया कि उन्होंने मूर्ति पर जाकर उसकी पहचान कर ली है।

मृतक के पिता राजेंद्र गोस्वामी ने बताया कि उनका पुत्र आत्महत्या नहीं कर सकता,यह किसी साजिश का एक हिस्सा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रान्तपाल का रोटरी क्लब कोटा द्वारा अभिनन्दन

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,03 फरवरी।** रोटरी क्लब कोटा अपने क्लब से चयनित प्रथम महिला डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन प्रज्ञा मेहता का उनके विदेश यात्रा प्रस्थान हेतु शुभकामनायें प्रदान कर सम्मानित करेगा।

क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि प्रज्ञा मेहता क्लब की पहली महिला सदस्य है। जिन्हे प्रांतपाल के रूप में रोटरी इंटरनेशनल की अमेरिका में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल असेंबली में गवर्नर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का गौरव प्राप्त हुआ है। क्लब कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय ने बताया कि प्रज्ञा मेहता के नेतृत्व में सत्र 2025-26 में प्रान्त 3056 के 80 से अधिक क्लबों का नेतृत्व करने का मौका मिलेगा।

क्लब सचिव घनश्याम मूंदड़ा ने बताया कि प्रज्ञा मेहता की यह उपलब्धि न केवल हमारे क्लब बल्कि पूरे रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के लिए गर्व की बात है।






प्रकाशक, मुद्रक, मालिक योगेश गुप्ता के लिए संकल्प प्रिंटिंग प्रेस स्टेशन रोड़ बारां से मुद्रित एवं पुराने एम. जे. चिल्ड्रन स्कूल के पास मंगलपुरा झालावाड़ से प्रकाशित सम्पादक शिवम गुप्ता, प्रबंधक नरेश गोयल मो. 9413354218, 9414190940 फोन 07453-294218 (बारां), 9166201111 (झालावाड़)